फ्रांस की राष्ट्रीय दिवस परेड के बाद मीडिया को प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया वक्तव्य

14 जुलाई 2009

आज फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होकर मुझे खुशी हो रही है। यह भव्य परेड इस देश की ताकत और ऊर्जा को दर्शाती है। भारत के लिए यह गर्व की बात थी कि हमारी तीनों सशस्त्र सेनाओं के दस्ते इस परेड की अगुवाई कर रहे थे। इससे दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण व सामरिक महत्व की साझेदारी तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध परिलक्षित होते हैं।

14 जुलाई की तारीख केवल फ्रांस के लिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं है। फ्रांसीसी क्रांति ने विश्व के इतिहास में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी क्योंकि इसी से आम आदमी की आकांक्षाओं ने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में केन्द्रीय भूमिका निभानी शुरू की थी। इस क्रांति के आदर्श सूत्रों - स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे ने हमें आजादी के संघर्ष के लिए प्रेरित किया व भारतीय संविधान के निर्माताओं का मार्गदर्शन किया। मैं राष्ट्रपति सरकोज़ी का आभारी हूँ कि उन्होंने इस महान अवसर पर भारत का सम्मान बढ़ाया है।

भारत-फ्रांस संबंध और सहयोग सभी क्षेत्रों में दृढ़ता और स्थायित्व के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के बीच अनुकूल साझेदारी का वातावरण निर्मित हो रहा है और ऊर्जा, अंतरिक्ष अनुसंधान, रक्षा, उद्योग और वाणिज्य, विज्ञान और तकनीकी, शिक्षा, संस्कृति व पर्यटन के क्षेत्रों में आपसी सहयोग के साथ दोनों देशों के बीच राजनैतिक सम्बंधों का दौर शुरू हो गया है। मेरी हार्दिक इच्छा है कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग मजबूत हों व आने वाले वर्षों में इसमें और भी मजबूती आए। इससे दोनों देशों के लोग लाभान्वित होंगे।

***